### एक नजर में

#### इंदौर में छाई पड़ाना के छात्र की कलाकृति



**पड़ाना 19 अगस्त, सं.** इंदौर शहर के 15 वीं एसएएफ बटालियन परिसर में पड़ाना नगर के पूर्व जनपद सदस्य दिनेश एवं नान साहब परमार के सुपुत्र संदीप गौतम मानव परमार इत्यादि टीम द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पावन पर्व पर अद्भुत कलाकृति से 250 वर्ग फिट में अपने 25 घंटे की कड़ी मेहनत से श्री कृष्ण भगवान एवं भगत सिंह की कलाकृति को 100 किलो विभिन्न रंगों से उकेरा जहां इंदौर रेंज अधिकारियों सहित विभिन्न अधिकारियों एवं जवानों ने अनुपम कलाकृति की सराहना करते हुए प्रशंसा की.

#### आईटीआई की छात्रा मुस्कान आत्मनिर्भर



**राजगढ़ 19 अगस्त, का.** राजगढ जिले के ग्राम करेड़ी निवासी सुश्री मुस्कान गौड़ बताती है कि वह बहुत गरीब परिवार से है. उनके परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी. मुस्कान 12 वीं पास करने के बाद आईटीआई राजगढ़ में एडमीशन लिया और आईटीआई की फिटरी ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्ती किया. प्रशिक्षण प्राप्तआ उपरांत मारूति सुजुकी गुरूग्राम (हरियाणा) में इंटरव्यूव के माध्यम से मेरा चयन हुआ है. अब मैं मारूति सुजुकी कम्पतनी में प्रतिमाह 29 हजार रूपये सैलरी प्राप्त कर रही हूं. जिससे मेरे परिवार का भरण पोषण अच्छेन से हो पा रहा है. साथ ही मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छीम हुई. इसके लिए मैं म.प्र. सरकार का धन्यवाद देती हूं.

#### आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में पंजीयन प्रारंभ

**राजगढ़ 19 अगस्त, का.** कौशल विकास संचालनालय म.प्र. के अंतर्गत युवाओं के लिए रोजगारन्मुंखी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए जिले में संचालित समस्तर शासकीय आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में पंजीयन पोर्टल प्रारंभ किया गया. जिसमें वेल्ड्र व्यटवसाय के लिए 8वीं उत्तीर्ण एवं अन्य. व्यमवसाय के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है. पंजीयन के पश्चात च्वाईस फिलिंग पोर्टल पर 22 अगस्त तक किया जा सकता है. महिलाओं के लिए प्रत्येगक व्यद्दवसाय में 35 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई है.

#### दिलीप बने कलचुरी सेना जिलाध्यक्ष



**खिलीचीपुर 19 अगस्त, सं.** मंगलवार को कलचुरी सेना इकाई द्वारा संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्ति की गयी है. कलचुरी सेना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला प्रभारी राजगढ़ हितेश गुरगेला की अनुशंसा व शीर्ष नेतृत्व में निर्णय अनुसार दिलीप जायसवाल निवासी ग्राम कुंवर कोटरी तहसील नरसिंहगढ़ को कलचुरी सेना जिला अध्यक्ष बनाया है. जिला अध्यक्ष बनने पर दिलीप जायसवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार जताया. इस अवसर पर सभी जिले के समस्त कलचुरी कलाल समाज बंधुओं ने हर्ष जताया है. इस नियुक्ति के माध्यम से समाज में युवाओं को जोड़ने के इस कार्य की सराहना की है.

# ट्रायल के 6 महीने बाद भी हरी झण्डी का इंतजार

## यात्रियों की असुविधा के लिए खेद है : 20 फरवरी को छ: महीने पहले खिलचीपुर में हुआ था ट्रायल रन

**रामगंजमण्डी-भोपाल रेलवे लाइन एक बार फिर से ठण्डे बस्ते में, खिलचीपुर तक ट्रैक तैयार लेकिन ट्रेन नहीं पहुंची**

**राजगढ़ से ब्यावरा ओर भोपाल तक काम अधूरा,**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/राजगढ़ 19 अगस्त.** अभी भी बहुप्रतीक्षित का दर्जा रखने वाली भोपाल रामगंजमण्डी रेल्वे लाईन के खिलचीपुर से घाटोली राजस्थान के बीच ट्रायल रन पूरा हुए 6 माह बीत चुके है. लेकिन धूमधाम और गाजे-बाजे से हुए इस ट्रायल के 6 महीने बाद भी नागरिकों को हरी झण्डी का इंतजार है. इस भूभाग पर ट्रेन देखने की लालसा पूरी कब होगी इसका अंतिम रूप से जवाब किसी भी जिम्मेदार के पास नहीं है. कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीं भी इसमें नजर आती है. अब यात्रियों की इस सुविधा पर कब तक खेद मनाया जाएगा यह देखने वाली बाती है.

बीते 6 महीने पूर्व यानी 20 फरवरी को पूरे जलसे के साथ खिलचीपुर स्टेशन पर ट्रायल ट्रेन पहुंची थी. उस समय उम्मीद बंध गई थी कि जल्द यहां नियमित ट्रेन भी दौड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ. अब 6 महीने बाद भी घाटोली से आगे नयापुरा, देहरी, भोजपुर के रास्ते ट्रेन का सिर्फ इंतजार हो रहा है. वहीं दूसरी ओर इस प्रोजेक्ट पर राजगढ़ से ब्यावरा और भोपाल की तरफ काम अधूरा पड़ा है. घाटोली से महज 35-40 किमी दूर खिलचीपुर तक ही ट्रेन चलाने के प्रयास हो तो जिला सीधे तौर पर राजस्थान से जुड़ जाएगा. अब ये प्रयास कब होंगे यह भी देखने वाली बात होगी. करीब 3 दशक इस प्रोजेक्ट को पूर्ण हो चुके है.

### रामगंज मण्डी से घाटोली तक मेमू ट्रैन में ट्रैफिक बढ़ा

वर्तमान में इस परियोजना में झालावाड़ जिले के घाटोली स्टेशन तक ट्रेन का नियमित संचालन किया जा रहा है. जिसमें मेमू ट्रेन में काफी अच्छा ट्रैफिक रोजाना सफर कर रहा है. घाटोली से आगे खिलचीपुर तक ट्रेन नहीं आने से राजस्थान और मप्र के लोगों को इस मार्ग से यातायात की सुविधा नहीं मिलने में विलंब हो रहा है. लोगों को बसों और अन्य सड़क साधनों से दोगुना किराया लगाकर सफर पूरा करना पड़ता है. यह परियोजना मार्ग 276 किमी लंबा है और अब तक करीब 3335 करोड़ रूपए से ज्यादा इस पर खर्च हो चुके है. 165 में से 130 किमी का ट्रैक पूर्ण हो चुका है जो कि झालावाड़ से घाटोली होकर खिलचीपुर तक है. लेकिन बावजूद इसके ट्रैन केवल घाटोली तक ही आ रही है. नई ट्रेन के बजाय यदि इन्हीं ट्रेनों को घाटोली से आगे 35 किमी बढ़ा दिया जाए तो परियोजना अपनी सार्थक की ओर मप्र में पहला कदम रख देगी. हालांकि मेमू ट्रेन को ही आगे बढ़ाया जा सकता है. इसके लिए स्थानीय प्रतिनिधियों को पहल करनी होगी.




6 महीने पूर्व ट्रायल के बाद से यहां नियमित ट्रेन का इंतजार है.

### 40 किमी तक आने में और कितना समय

बीते 20 फरवरी 2025 को मुम्बई के रेल संरक्षा आयुक्त सीआरएस की ओर से खिलचीपुर तक के ट्रैक का परीक्षण किया जा चुका है. उसी दौरान ट्रायल के बाद उम्मीद जागी थी कि जल्द यहां ट्रैन की सीटी नियमित रूप से सुनाई देगी. लेकिन गाजे-बाजे के साथ हुए ट्रायल में यह प्रतीक्षित आवाज गुम हो गई. हालांकि सब कुछ ठीक पाए जाने के बाद सीआरएस की ओर से रेल्वे बोर्ड को ट्रैन संचालन के लिए प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है. खिलचीपुर तक ट्रेन संचालन की अंतिम स्वीकृति के बाद ही 4 नए स्टेशन नयागांव राजस्थान सीमा और देहरी, भोजपुर और खिलचीपुर तक इसका लाभ मिल सकता है. अब इस 40 किमी के हिस्से तक ट्रैन बढ़ाने के लिए प्रयासों को यदि बल दिया जाए तो ट्रेन थोडी मप्र की तरफ भी आ जाएगी.

#### हमारी कोशिश और प्रकिया जारी है, जल्द ट्रेन चलेगी

कुछ औपचारिकताएं अभी बाकी है. ट्रायल सफल रहा है और इसके बाद रेल्वे बोर्ड ही यह तय करता है कि कितनी, कब और कहां तक ट्रेन चले. हमारी कोशिश जारी है कि जल्द प्रोजेक्ट भोपाल तक पूरा हो और अपने क्षेत्र में रेल का नियमित संचालन हो सके.

**रोड़मल नागर, सांसद राजगढ़**

#### अनुमति के बाद होगा ट्रेन का नियमित संचालन

जैसा कि ट्रायल पूर्ण हो चुका है और वह सफल रहा है. लेकिन रेल्वे बोर्ड की ओर से अनुमति मिलने के बाद ही नियमित रूप से इस खण्ड में ट्रेन का संचालन होगा. यह पूरा मामला फिलहाल प्रक्रिया अधीन है.

**सौरभ जैन, सीनियर डीसीएम, रेल्वे मण्डल कोटा, पश्चिम मध्य रेल्वे**

#### ब्रह्माकुमारीज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर 24 को

**छापीहेड़ा 19 अगस्त, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में ब्रहमाकुमारी संस्थान द्वारा विशाल रक्तदान अभियान का आयोजन किया जा रहा है. रक्तदान कार्यक्रम प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्टीय मुख्यालय माउंट आबू के समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है. 22, 23, 24 और 25 अगस्त को विभिन्न स्थानों में रक्तदान कैंप का आयोजन एक बूंद अनंत आशीर्वाद, रक्तदान महादान आदि थीम को लेकर आयोजित होगा. राजगढ़ में यह कार्यक्रम 24 अगस्त, श्री अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर, खिलचीपुर नाका राजगढ़ में इस विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है. सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने विभिन्न समाज के प्रमुखजनों एवं सेवाभावी संस्थानों को उनके विचार और सुझाव हेतु शिव वरदानभवन में आमंत्रित किया. बैठक में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी, कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी,गौ सेवा समिति, विजयवर्गीय समाज, मेडतवाल समाज, ब्राह्मण समाज, सोनी समाज,मेवाडे समाज,करणी सेना, विद्यार्थी परिषद आदि ने आयोजन को सफल बनाने का आश्वासन मिला.

# सीएम के द्वारा सम्मानित होंगे कलेक्टर डॉ. मिश्रा

## सम्पूर्णता अभियान की सफलता पर टीम का सम्मान किया



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 19 अगस्त.** निति आयोग के आकांक्षी ब्लॉसक जीरापुर में चलाए गए संपूर्णता अभियान की तीन माह की अवधि के सफल समापन के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा उन अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों को सम्मानित किया गया. जिन्होंने अभियान के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु उल्लेखनीय कार्य किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला विकास एवं निगरानी समिति सदस्यं ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नपाध्यक्ष विनोद साहू, मनीष जोशी, श्याम मण्डलोई सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे.अभियान का उद्देश्य जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की शतप्रतिशत सैचुरेशन (पूर्ण कवरेज) सुनिश्चित करना था. जिनमें गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, टीकाकरण, पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, शौचालय निर्माण, नल जल योजना का क्रियान्वयन, स्कूल ड्रॉपआउट कम करना और अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी शामिल रही. इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा संपूर्णता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे जिले को समृद्ध और सशक्त बनाने का एक प्रयास था. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से दस्तक अभियान, गैर-संचारी रोगों में स्क्रीनिंग, ई-ऑफिस में जिले की राज्य में 5वीं रैंकिंग और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों की भी सराहना की. प्रशासनिक कार्यप्रणाली के संदर्भ में भी राजगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जहां ई-ऑफिस क्रियान्वयन में जिला राज्यभर में 5 वें स्थान पर रहा है. यह उपलब्धि सभी अधिकारियों की कड़ी मेहनत और सतत प्रयासों का परिणाम है. कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए.

#### जन हित में रक्त दान की अपील

**राजगढ़ 19 अगस्त, का.** मानव जीवन बचाने हेतु रक्त दान शिविर का आयोजन 24 अगस्त श्री अंजनीलाल धाम मन्दिर परिसर, बायपास रोड़, राजगढ़ में प्रात: 9 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा. ब्रह्माकुमारीज संस्था दीदियों, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया.

### 4 साल बाद मिल पाई पति की परिवार पेंशन



**राजगढ़ 19 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व्दारा स्वर्गीय श्री रामगोपाल बागरी वार्डबॉय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय राजगढ़ की 09 मई को शासकीय सेवा में रहते मृत्यु होने उपरान्त उनकी पत्नि श्रीमती दाखाबाई को परिवार पेंशन प्रकरण में आ रही तकनीकी एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु वरिष्ठालय से पत्राचार किये जाने एवं व्यक्तिगत चर्चा कर पेंशन प्रकरण का निराकरण कराया गया. इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ को भी लगातार पेंशन प्रकरण तैयार किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्दारा पेंशन प्रकरण भिजवाये जाने से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व्दारा मंगलवार को पेंशन प्रकरण समस्याओं का निराकरण कर परिवार पेंशन पीपीओ एवं जीपीओ तैयार कराये गये तथा श्रीमति दाखाबाई पत्नि स्वर्गीय रामगोपाल बागरी को कलेक्टर कक्ष में शाल एवं श्रीफल देकर पीपीओ एवं जीपीओ का वितरण स्वयं किया गया. इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे, गिरीराज शर्मा भी उपस्थित रहे.

# तलेन को नेवज-नर्मदा योजना से जोड़ने पर सीएम का आभार जताया



**नवभारत न्यूज**

**तलेन 19 अगस्त.** क्षेत्र से भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कई गणमान्य जन क्षेत्रीय विधायक दादा मोहन शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की, बताते चले की पिछले दिनों मुख्यमंत्री का नरसिंहगढ़ में कार्यक्रम हुआ था. जिसमे माननीय मुख्यमंत्री ने तलेन क्षेत्र को एक बड़ी सौगात नर्मदा नदी को नेवज नदी से जोड़ने की घोषणा की थी. इसकी मांग क्षेत्रीय विधायक और भाजपा मंडल तलेन के अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा जोर शोर से उठायी थी. जिसके फल स्वरूप मुख्यमंत्री ने उसी समय मंच से इसकी घोषणा की थी. जिससे सुनकर पूरे तलेन क्षेत्र में हर्ष का माहौल छा गया था. आज उसी विषय को लेकर मंडल अध्यक्ष तलेन विजय सिंह रुहेला अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में भोपाल पहुंचकर आभार व्यक्त किया. विधायक ने समस्त विधानसभा की तरफ से अपनी विधानसभा को दी गयी. समस्त सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार माना माना है.

#### जनसुनवाई में सुनीं गईं आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 19 अगस्त, का.** जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याुओं का निराकरण किया जाता है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 19 अगस्त को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम ढाकनी निवासी मुस्कान प्रजापति को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक रेड क्रॉस की सहायता से प्रदान किया. इस दौरान आवेदकों से 80 आवेदन प्राप्त हुए.

# जीवन के व्यवहारिक ज्ञान के लिए कुरुक्षेत्र से गुजरना पड़ता है

**छापीहेड़ा 19 अगस्त, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय छापीहेड़ा के नाताराम ग्राम में सर्व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन के प्रथम दिवस में प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने श्रोतागणों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वरीय ज्ञान के अलावा पवित्र करने वाला और कोई नही. गीता एकमात्र ऐसा शास्त्र है जिसमें भगवान के वचन है. गीता ही सर्वशास्त्र में शिरोमणि है. गीता में वर्णित ज्ञान स्वयं भगवान ने अर्जुन को दिया. पाण्डव पवित्रता का प्रतीक है. पांच पांडव का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि अर्जुन अर्थात ज्ञान का अर्जुन करने वाला, भीम अर्थात शक्तिशाली आत्मबल वाला, नकुल अर्थात श्रेष्ठ कार्यों की नकल करने, सहदेव अर्थात श्रेष्ठ कार्यों में सहयोगी बनने वाला, युधिष्ठिर अर्थात विपरीत परिस्थिति में भी स्थिर रहने वाला.

# धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**तलेन 19 अगस्त, सं.** नगर के संस्कार कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन की कहानी मधुर गीत नित्य प्रस्तुत किया जन्माष्टमी पर्व के मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण राधा का रूप धारण किया वह विद्यालय द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकों ने भगवान श्री कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके आदर्श अपने का आह्वान किया.

**धर्म-कर्म** | **विधायक ने मुख्यमंत्री को दिया न्यौता, 29 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा अभियान**

# बैजनाथ की धरा पर बनेंगे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 19 अगस्त. स्टेडियम ग्राउंड पर 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक चलने वाले सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन को लेकर नागरिकों में उत्साह का माहौल है. हिन्दू उत्सव समिति के बैनर तले हो रहे इस भव्य आयोजन की नगर में तैयारियां जोरों पर चल रही है. मंगलवार को आयोजन स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रारंभिक व्यवस्थाओं का शुभारंभ किया गया.**

समिति सदस्यों, नागरिकों की उपस्थिति में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इसी क्रम में मंगलवार को विधायक मोहन शर्मा ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की और उन्हें इस अद्वितीय धार्मिक आयोजन में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया. उल्लेखनीय है कि सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के दौरान पूरे सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष अनुष्ठान, भजन-संध्या, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे. समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी, जलपान एवं आवासीय व्यवस्था की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. समिति सदस्यों का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि नगर के व्यापार, व्यवसाय, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करेगा.




+91-8448444272
www.atdcindia.co.in
ATDC
Apparel Training & Design Centre
INDIA'S PREMIER INSTITUTE FOR FASHION & APPAREL TRAINING
Approved by AEPC, Skill India, N·S·D·C, RGNIYD

ADMISSION OPEN FOR JULY 2025
SKILLING FOR SUCCESS
DEGREE PROGRAMMES
DIPLOMA PROGRAMMES
CERTIFICATE PROGRAMMES



PROGRAMMES OFFERED

B.Voc DEGREE (3 Yrs.)
- Apparel Manufacturing & Entrepreneurship
- Fashion Design & Retail

DIPLOMA COURSES (1 Yr.)
- Apparel Manufacturing Technology
- Fashion Design Technology

*Above courses are available in 30 ATDC Centres Pan India, Last date to apply is 30th August 2025.

INDUSTRY - ALIGNED COURSES
100% PLACEMENT ASSISTANCE
Scan to register

Bhopal: 7289026378, Indore: 8103841581